भा.कृ.अनु.प.–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
ICAR-INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE
क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार)–848125
REGIONAL STATION, PUSA, SAMASTIPUR, (BIHAR)-848125

पत्रांकः 2025–26 / क्षे.के.पू. / निविदा / 625

दिनांकः 28.08.2025

## अल्पकालीन– नीलामी सूचना

**विषयः– भा.कृ.अनु.प.– भा.कृ.अ.सं., क्षेत्रीय केन्द्र पूसा (बिहार) के गोढी प्रक्षेत्र में स्थित तालाब (पोखर) को मछली पालन हेतु नीलामी के संबंध में।**

अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प.–, भारतीय कृषि अनुसंधान, संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार) की तरफ से गोढी प्रक्षेत्र में स्थित तालाब (पोखर) को मछली पालन हेतु नीलामी / निविदा पत्र आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रम सं० | नीलामी विवरण | आरक्षित निविदा मूल्य (रूपये) | अग्रधन राशि (रूपये) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मछली पालन हेतु गोढी प्रक्षेत्र में स्थित तालाब (पोखर)– अवधि 01–10–2025 से 30–09–2028 तक (36 माह) | 1081500 / – | 50000 / – | 18.09.2025 शाम 5.30 बजे | 19.09.2025 शाम 03.00 बजे |
| नोटः– सफल निविदाकर्ता द्वारा जमा की गई अग्रधन राशि को सुरक्षा में परिवर्तित कर दिया जायेगा जो कि कार्य सफलतापूर्वक सम्पूर्ण होने पर वापस किया जायेगा। अन्य निविदाकर्ता की अग्रधन राशि को प्रक्रिया समाप्त होने पर वापस कर दिया जायेगा। | | | | | |

उपयुक्त को नीलामी लेने वाले इच्छुक व्यक्ति / निर्धारित निविदा प्रारूप सील बंद लिफाफे में अपना निविदा इस कार्यालय को जमा कर सकता है। निवेदाकर्ता निविदापत्र के साथ अपना आधार कार्ड या पैन कार्ड की प्रति साथ में संलग्न करें।

**निविदा हेतु नियम एवं शर्तेः–**

1. निविदा पत्र खरीदने के उपरान्त नीलामी हेतु उपरोक्त उत्पादों का निरीक्षण प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में प्रक्षेत्र प्रभारी से मिलकर किया जा सकता है।

2. निविदा पत्र इस कार्यालय से एक सौ रूपये मात्र नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है या इस केन्द्र के वेवसाइट www.iari.res.in से डाउनलोड के उपरान्त 100.00 रूपये के केनरा बैंक या एस.बी.आई. बैंक द्वारा निर्गत डिमांड ड्राफ्ट जो अध्यक्ष भा.कृ.अनु.प.– भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार) को देय हो जो निविदा पत्र के साथ लगाना अनिवार्य होगा यह राशि किसी भी स्थिति में वापसी नहीं की जायेगी।

3. नीलामी में भाग लेने हेतु अग्रधन राशि रू0 50000 / – (रूपये पचास हजार मात्र) डिमान्ड ड्राफ्ट अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान, संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार) के नाम से जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, या केनरा बैंक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा (बिहार) शाखा में देय हो।

4. निविदाकर्ता निविदा का मूल्य संलग्न प्रोफार्मा–1 में उल्लेखित करेंगें जिसे सुरक्षित राशि रसीद के साथ एवं नियम एवं शर्तो की प्रतिलिपि के साथ हस्ताक्षर करने के उपरान्त इस कार्यालय में जमा करेंगे। जिसका मतलब होगा कि उन्हें उल्लिखित नियम एवं शर्ते मान्य है। फार्म–1 की दूसरी प्रति निविदाकर्ता अपने पास रखेंगे।

5. सभी निविदा बन्द लिफाफा में जमा किया जायेगा जिसके उपर निविदा संख्या– मछली पालन हेतु गोढी प्रक्षेत्र में स्थित तालाब (पोखर) हेतु निविदा' लिखित होनी चाहिए। निविदा कार्यालय में उपलब्ध निविदा बॉक्स में अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेजी जा सकती है। यह सुनिश्चित भेजने पर कोई क्षति / देर के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार) जिम्मेदार नहीं होगा। अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

MRIS

6. निविदा खुलने के समय निविदाकर्ता स्वयं या लिखित रूप में प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से कार्यालय परिसर में उपस्थित हो सकते है।

7. भुगतान की विधि–निविदा खुलने के उपरान्त सफल निविदाकर्ता को उनके द्वारा उद्घृत/वर्णित राशि का प्रथम वर्ष 50 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 40 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष 10 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा।

8. संस्थान के द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से कम धन राशि की निविदा को प्रस्तुत करने वाले निविदाकार की निविदा को स्वतः ही रद्द माना जायेगा।

9. संस्थान द्वारा आरक्षित आधार मूल्य से कम राशि प्राप्त होने की स्थिति में उसी समय समिति के समक्ष ही पुनः बन्द निविदा की प्रक्रिया भी की जा सकती है।

10. निविदा स्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प.–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार) को उच्चतम शर्त के अनुरूप किसी भी निविदा को स्वीकृत करने/रदद् करने का पूर्णतया अधिकार होगा। पूरी निविदा, के किसी भी भाग को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

11. **मध्यस्तता**–किसी प्रकार के निविदा से संबंधित विवादों, मतभेदों के निराकरण हेतु भा. कृ. अनु. सं. क्षे. के. पूसा, समस्तीपुर (बिहार) को प्रेषित किया जा सकता है। भा.कृ.अनु.प.– भा. कृ. अनु. सं. क्षे. के. पूसा, समस्तीपुर (बिहार) का निर्णय किसी भी पक्ष के लिए अंतिम रूप से मान्य होगा।

12. **सुरक्षा व्यवस्था**:– सफल निविदाकर्ता को एकरारनामा के तुरन्त बाद सुरक्षा की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्राकृतिक विनाश अथवा किसी अप्रत्याशित कारण वश क्षति के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा (बिहार) जिम्मेदार नहीं होगा।

13. इस केन्द्र द्वारा कार्य गुड़ाई, सिंचाई एवं जुताई आदि तथा कोई भी निर्माण किये जाने व अन्य कार्यो के कराये जाने पर ठेकेदार को कोई हस्तक्षेप/आपत्ति का अधिकार नहीं होगा।

14. ठेकेदार अथवा उनके कर्मचारियों द्वारा संस्थान की सम्पत्ति को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाने पर इसकी क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। इस अवस्था में कर वसूली का कार्य रोका जा सकता है एवं प्रक्षेत्र निषेध के उपरान्त उचित कार्यवाही की जायेगी।

15. ठेका अवधि नीलामी की निर्धारित राशि क्रम सं. 7 के अनुसार जमा करने के साथ ही प्रारम्भ होगी ।

16. सभी विवादों के निपटारा क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा, समस्तीपुर में होगा।

17. किसी भी विषय से संबंधित सर्वाधिकार भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा समस्तीपुर (बिहार) को सुरक्षित होगा।

18. ठेकेदार, सुरक्षा हेतु सुरक्षा प्रहरी/व्यक्ति प्रक्षेत्र के अन्दर रख सकेगें जिसकी जानकारी केन्द्र को पहचान पत्रों के साथ पहले ही देनी होगी।

19. नीलामी अवधि में गोढी प्रक्षेत्र में लगाए गए फसलों को मछली पालन हेतु तालाब मे पानी से किसी प्रकार की क्षति नहीं होनी चाहिए। यदि किसी तरह की फसलों में नुकसान होगा तो नीलामी स्वीकृति संवेदक को भरपाई करना होगा।

20. नीलामी अवधि में तालाब में जानवरों को प्रवेश एवं धोने से रोकना तथा मछली पालन की पूर्णरूपेण सुरक्षा संवेदक को स्वयं करनी होगी।

21. संवेदक का अधिकार सिर्फ तालाब के अन्दर ही मछली को पकडने का होगा तथा जलनिकासी के पानी को कभी भी संवेदक द्वारा अवरूद्ध करना एवं रोकना पूर्णतया वर्जित होगा।

22. अन्य और कोई शर्त जोड़ने या हटाने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगी।

अध्यक्ष
भा० कृ० अ० सं० क्षे० के०, पूसा (बिहार)

प्रतिलिपिः नीलामी समिति के सभी सदस्य
सभी सूचना पटट

## फार्म संख्या –1 (नीलामी दर पत्र)

1. निविदाकार का नामः
2. निविदाकार के पिता का नामः
3. पत्राचार का पताः
4. दूरभाष संख्याः
5. आधार सं.: .......................................... पैन सं. ..................................................
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय 19 सितम्बर 2025 शाम 03.00 बजे ।

| प्रक्षेत्र | कार्य | आरक्षित आधार मूल्य (रूपये) | निवेदक की नीलामी की राशि (अंको में) | शब्दों में |
|---|---|---|---|---|
| भा.कृ.अ.सं., क्षेत्रीय केन्द्र, पूसा समस्तीपुर, (बिहार) | मछली पालन हेतु गोढ़ी प्रक्षेत्र तालाब (पोखर) | 1081500/– | | |

**घोषणाः** – मैं यह अद्योहस्ताक्षरीत यह घोषणा करता हूँ कि मैंने उर्पयुक्त सामग्री का स्वयं निरिक्षण किया है एवं मुझे किसी भी सरकारी संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है। मुझे निविदा की समस्त शर्ते मंजूर है। मैं उर्पयुक्त सामान अपनी जिम्मेदारी एवं निरीक्षण कर खरीद रहा हूँ एवं इसमें संबंधित समस्त जोखिम की जिम्मेदारी भी मेरी रहेगी।

निविदाकार का हस्ताक्षर :–

तिथिः–

नामः–

मोबाईल नं0